(b) if so, the progress made so far; and

(c) if not the reasons therefor?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT, INTERNAL TRADE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED): (a) Inspection of the books of accounts of Ganesh Flour Mills Limited has been completed.

(b) and (c). In view of the reply at (a) above, these questions do not arise.

रेलवे सतर्कता विभाग

6390. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार यह महसूस करती है कि सतर्कता विभाग के वर्तमान कर्मचारी भ्रष्ट हो गये हैं तथा वे अपना कार्य सफलतापूर्वक नहीं कर रहे हैं ;

(ख) क्या सतर्कता विभाग के कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति पर लेने की बजाय उन्हें रेलवे मंत्रालय के अन्तर्गत स्थायी आधार पर तथा सीधे नियुक्त करने का सरकार का विचार है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग). जी नहीं, चूँकि चौकसी विभाग अस्थायी है इसलिए उन्हें स्थायी करने की कोई सम्भावना नहीं है। रेलवे बोर्ड के चौकसी निदेशालय के लिए उन कर्मचारियों को चुना जाता है जो रेलवे, / रेलवे बोर्ड / राज्य पुलिस में स्थायी पदों पर काम करते हैं। इन कर्मचारियों को चौकसी निदेशालय में 3 से 5 वर्ष की अवधि के लिए स्थानान्तरित किया जाता है।

हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड तथा हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन

6391. **श्री महाराज सिंह भारती :** क्या इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिंदुस्तान स्टील लिमिटेड में बनने वाली वस्तुओं को धातुकार्मिक उद्योगों में हुए विकास के अनुरूप बनाने तथा भारी इंजीनियरिंग निगम को उपकरणों के नमूने तैयार करने योग्य बनाने की कोई योजना आरम्भ की गई है ; और

(ख) यदि हाँ, तो उसकी रूपरेखा क्या है ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) और (ख). जी हाँ।

हिंदुस्तान स्टील लिमिटेड आजकल इस बात पर विचार कर रही है कि विदेशों के नवीनतम विकास को देखते हुए यह अपने उत्पादकों को किस प्रकार अधिकाधिक समुन्नत कर सकती है। इसने अपने कारखानों में पहले से ही हाई टेंसाइल रिब्बड बार जो सशक्त कंकरीट निर्माण में अधिक मजबूती के लिए प्रयोग किए जाते हैं, तथा ठण्डी बेलित जस्ती चद्दरों और इलेक्ट्रोलिटिक टिन प्लेटों का निर्माण आरम्भ कर दिया है। इस समय हिंदुस्तान स्टील लिमिटेड जिन अन्य योजनाओं को हाथ में लेने पर विचार कर रही है उनमें से कुछ निम्नलिखित हैं :—

1. शांत इस्पात का उत्पादन बढ़ाना ;
2. रंगदार जस्ती चद्दरें ;
3. कुन्तल संधानित नल ;
4. तेल उद्योग के लिए आवश्यक नलों का सामान्यकरण और ताप साधन।

उपकरणों का रूपांकन करने में भारी इंजीनियरी निगम को अधिक सक्षम बनाने के